# बल्क ड्रग पार्क के सभी मानकों पर ललितपुर खरा, बनेगा पहला ड्राई पोर्ट

लखनऊ। ललितपुर प्रदेश का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो बल्क ड्रग पार्क के सारे मानकों पर खरा उतरा है। बल्क ड्रग पार्क के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति, अच्छी कनेक्टिविटी, जलापूर्ति, डिजिटल फाइबर कनेक्टिविटी आदि की विशेष जरूरत होती है। इन सभी मानकों को योगी सरकार की ओर से बल्क ड्रग पार्क के लिए चुना गया ललितपुर बखूबी पूरा कर रहा है। ड्रग पार्क के पास 60 एकड़ जमीन पर ड्राई पोर्ट विकसित किया जा रहा है, जिसमें कस्टम क्लीयरेंस सहित सभी सुविधाएं होंगी। बल्क ड्रग पार्क के लिए शुरुआत में 25 एमएलडी पानी की जरूरत होगी। जिसमें केवल 15 एमएलडी शुद्ध ताजे पानी की जरूरत होगी, जबकि 10 एमएलडी पानी को प्लांट के अंदर ही रिसाइकिल कर उपयोग में लाया जाएगा। बल्क ड्रग पार्क के ठीक बाहर चेक डैम स्थापित है, जो जामनी नदी पर बना है। इस चेक डैम से ही पार्क को जलापूर्ति की जाएगी। ब्यूरो